1. District Headquarters connected with STD/ISD facilities in Jammu and Kashmir State:

(1) Jammu
(2) Kathua
(3) Udhampur
(4) Doda
(5) Poonch
(6) Rajouri
(7) Anantnag
(8) Baramulla
(9) Badgam
(10) Srinagar
(11) Pulwama
(12) Kupwara
(13) Leh
(14) Kargil

2. Number of Tehsil Headquarters provided STD/ISD facilities:

(1) Bishnah
(2) Banihal
(3) Gulmarg/Tangmarg
(4) Hiranagar
(5) Pahalgam
(6) Pampore
(7) Samba
(8) R.S. Pura
(9) Gandarbal
(10) Khalsi
(11) Drass

3. Number of District Headquarters to be linked with STD/ISD facilities during 1997:

Nil. All District Headquarters in the State are already provided STD/ISD facilities.

4. Names of Tehsil Headquarters to be linked with STD/ISD facilities during 1997:

(1) Budhal
(2) Chenani
(3) Mendhar
(4) Thamamandi
(5) Bandipur
(6) Sunderbani
(7) Uri
(8) Surankot
(9) Beerwah
(10) Billawar
(11) Gandoh
(12) Kangan
(13) Gulgam
(14) Mohare
(15) Bijbehara
(16) Chadoora
(17) Doru
(18) Kalakot
(19) Handwara
(20) Mandi
(21) Gurez
(22) Ramnagar
(23) Thathri
(24) Nowshera
(25) Tangdar
(26) Tral
(27) Sumbal

छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में उपग्रह द्वारा दूरसंचार

1791. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में किन-किन स्थानों में उपग्रह द्वारा दूरसंचार के साधन प्रदान करने के केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) उनमें से प्रत्येक केन्द्र की स्थापित क्षमता कितनी है और वास्तव में कितने कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ के भिलाई क्षेत्र में इस प्रकार के उपग्रह केन्द्र स्थापित करने और उनके माध्यम से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पर्याप्त संख्या में नए टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किए जाने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो उसके प्रस्तावित स्वरूप और प्रगति संबंधी ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) मल्टि चैनल पर कैरियर वेरी स्माल अपरचर सेटेलाइट टर्मिनल्स (एमसीपीसी-वीएसएटी) के जरिये उपग्रह माध्यमों के जरिये जोड़े गये केन्द्रों की सूची विवरण में दी है। **(नीचे देखिए)**

(ख) प्रदान किये गये टेलीफोन कनेक्शनों सहित इनमें से प्रत्येक केन्द्रों की संस्थापित क्षमता का ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ग) भिलाई क्षेत्र को उपग्रह के माध्यम से लम्बी दूरी की संयोजकता प्रदान करने की कोई योजना नहीं है।

(घ) उपरोक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

एम॰सी॰पी॰सी॰ के जरिए जोड़े गए केन्द्रों की सूची और उनकी क्षमता

क्रम सं॰	स्थान का नाम	जिला	टेलीफोन एक्सचेंज की संस्थापित क्षमता	प्रदान किये गये टेलीफोन कनेक्शन
1.	बैहार	बालघाट	184	156
2.	आकाशनगर	बस्तर	272	165
3.	बचेली	बस्तर	376	346
4.	दंतेवाडा	बस्तर	184	160
5.	किरानदुल	बस्तर	440	353
6.	पेंडरा रोड	बिलासपुर	364	265
7.	डिंडोरी	मंडला	372	187
8.	शाहपुरा	मंडला	184	121
9.	देवभोग	रायपुर	88	24
10.	मैनपुर	रायपुर	86	12
11.	अंबागढ़ चौकी	राजनन्द गांव	184	95
12.	मोहल्ला	राजनन्द गांव	88	55
13.	बेवहारी	शाहडोल	264	240

सी॰-डॉट के विकास पर खर्च की गई धनराशि

1792. **श्री दिलीप सिंह जूदेवः** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 1990-91 से 1995-96 के दौरान सरकार द्वारा सी-डॉट टेलीफोन प्रणाली के विकास पर वर्ष-वार कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ख) इस अवधि के दौरान इस प्रणाली के अंतर्गत विकसित केन्द्र किन-किन स्थानों पर स्थापित किए गए हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सी॰-डॉट प्रणाली द्वारा तैयार किए गए यंत्रों के अलावा विदेशों से कितने उपकरण आयात किए गए और स्थापित किए गए; और

(घ) सी॰-डॉट यंत्रों का निर्यात किए जाने संबंधी ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) 1990-91 से 1995-96 तक सरकार द्वारा सी-डॉट टेलीफोन प्रणाली के विकास पर खर्च की गई राशि के वर्ष-वार ब्यौरे विवरण-I में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) इस अवधि के दौरान मार्च, 1996 तक सी-डॉट द्वारा विभिन्न क्षमताओं के लिए विकसित उपकरणों (एक्सचेंजों) को 13,759 स्थानों पर संस्थापित किया जा चुका है।

(ग) उक्त अवधि के दौरान, सी-डॉट प्रणाली द्वारा निर्माण किए जाने के अलावा, विदेशों से 58,000 उपस्कर लाइनें आयात एवं संस्थापित की गई हैं।

(घ) सी-डॉट उपकरणों (एक्सचेंजों) के निर्यात संबंधी ब्यौरे विवरण-II में दिए गए हैं।